14. विराम-चिह्न

लिखते समय रुकने या ठहरने को प्रकट करने के लिए भाषा में कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं। विराम-चिह्नों का भली-भाँति ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इनके अभाव में अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 85 पर दिए चित्र के वाक्यों द्‌वारा बच्चों को विराम-चिह्नों से परिचित कराएँ।
- प्रत्येक विराम-चिह्न के प्रयोग पर बल दें।
- बच्चों से विराम-चिह्न लगवाकर वाक्यों को पढ़वाएँ।
- विराम-चिह्नों की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ब्लैकबोर्ड पर बिना विराम-चिह्नों के वाक्य लिखें तथा बच्चों से उनमें सही चिह्न लगवाएँ।
- सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- बच्चों द्‌वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें। यदि गलती हो तो उन्हें समझाकर सही करवाएँ।